हिन्दी विभाग

इण्डक्शन एवं परिषद गठन 17 अगस्त 2023

हिन्दी विभाग में 14 अगस्त को एम ए प्रथम सेमेस्टर में 40 की संख्या में पूर्ण प्रवेश हो जाने के बाद दिनांक 17 अगस्त 2023 को उनके लिए इण्डक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेमिनार हॉल में आयोजित उक्त कार्यक्रम में विषय प्राध्यापकों के स्वागत के पश्चात् प्रो0 जे आर कुर्रे ने छात्रों के भविष्य और विद्यार्थी–जीवन से संबंधित नीतिगत बातों से छात्रों का मार्गदर्शन किया। अनन्तर विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ0 रमेश टण्डन ने पीपीटी के माध्यम से सेमेस्टर पद्धति, आंतरिक परीक्षा, सेमिनार, एटीकेटी, अंक योजना, परीक्षा योजना आदि समस्त पहलुओं को समझाते हुए विभागीय शिक्षकों का परिचय, प्राचार्य, ग्रंथपाल, क्रीड़ाधिकारी, कार्यालयीन कर्मचारियों का परिचय दिया। साथ ही इन्होंने महाविद्यालयीन विभिन्न विभागों जैसे एनसीसी, एनएसएस, क्रीड़ा, स्वीप, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्लेसमेंट आदि की तस्वीर एवं समाचार पत्र की प्रति के साथ–साथ हिन्दी विभाग की कार्य–योजना, दिवस, जयंती, कार्यशाला तथा कवि सम्मेलनों जैसे विशेष उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ0 आकांक्षा मिश्रा ने मंच संचालन करते हुए आभार प्रदर्शन किया।

सभी छात्रों की उपस्थिति एवं सहमति से प्रभारी प्रो0 जे आर कुर्रे ने हिन्दी भाषा साहित्य परिषद का गठन किया। अध्यक्ष के रूप में रोहित कुमार चन्द्रा, उपाध्यक्ष पद पर छाया राठौर, सचिव पद पर कविता चन्द्रा, सह–सचिव के रूप में अमनराज को मनोनित किया गया। इस परिषद के कार्यकारिणी सदस्यों में छाया डनसेना, सुनिता मिरी, जयप्रकाश, यामिनी राठौर और चम्पा सिदार को शामिल किया गया है। डॉ0 आर के टण्डन ने छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य परिषद का गठन करते हुए लीलाधर राठिया को अध्यक्ष, राजेश्वरी को उपाध्यक्ष, बुबुन घृतलहरे को सचिव, देवलता साहू को सह–सचिव बनाया। इस परिषद के कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डिगेश्वरी दर्शन, लकेश्वरी वैष्णव, श्रेया सागर, पिंकी साहू, राजेश साहू, पंकज डनसेना, भूपेन्द्र राठिया तथा अनिषा घृतलहरे चुने गए। इस परिषद के प्रभारी प्रो0 डी के संजय हैं। मनोनित सभी छात्र पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विभाग के शिक्षकों ने बधाई दी और सत्र भर अन्य सहपाठी छात्रों के साथ मिलकर विभागीय रचनात्मक कार्य करने तथा साहित्यिक गतिविधियों में रूचि रखते हुए अपनी प्रतिभा को पूर्ण विकसीत करने की सलाह दी। इसके लिए विभाग के प्रोफेसर कार्य–योजना बनाकर समस्त छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे और छात्रों की क्षमता को सकारात्मक दिशा देते हुए उन्हें श्रेष्ठतम बनाएंगे।

कार्यक्रम में शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया के उक्त हिन्दी विभागीय छात्रों के अतिरिक्त शशिकला महंत, चन्द्रकांति, अन्नपूर्णा जायसवाल, दीक्षा जायसवाल, पायल जायसवाल, हेमराज जायसवाल, रितिक साहू, नेहा भारती, चक्रधर राठिया, हेमलता, रूखमणी राठिया, देविका राठिया, मनीषा डनसेना, अर्चना राठौर आदि की सक्रिय उपस्थिति रही।